**विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2023 के द्‌वितीय शुक्रवार के लिये निर्धारित श्री पवन कुमार सिंह, मा0 सदस्य विधान परिषद द्‌वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-23 का उत्तर।**

| क्र0सं0 | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 23(क) | क्या उप मुख्यमंत्री (ग्रामीण अभियन्त्रण) बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर के विकास खण्ड-महोली के ग्राम-बंजरिया में प्राथमिक विद्‌यालय से दीपू सिंह के मकान के पास दुर्गा मन्दिर तक रास्ता अत्यन्त खराब है, जिससे लोगों को आवागमन में अत्यधिक कठिनाई होती है? | जनपद सीतापुर के विकास खण्ड महोली के ग्राम बंजरिया में प्राथमिक विद्‌यालय से दीपू सिंह के मकान के पास दुर्गा मन्दिर तक मार्ग की लम्बाई लगभग 230 मीटर है। उक्त मार्ग पर पूर्व से खडंजा लगा हुआ है, जो कहीं-कहीं पर क्षतिग्रस्त है। |
| (ख) | यदि हां, तो क्या उक्त समस्या के निदान हेतु डामर रोड का निर्माण करायेंगे? | ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग में नव निर्माण/अनुरक्षण हेतु कोई विभागीय बजट का प्राविधान न होने के कारण कार्य कराया जाना सम्भव नहीं है। |
| (ग) | यदि हां, तो कब तक? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (घ) | यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

(केशव प्रसाद मौर्य)
उप मुख्यमंत्री,
ग्रामीण अभियंत्रण विभाग।